an>

Title : Need to do the electrification by solar energy plant in some region of Valmiki Nagar Parliamentary Constituency.

श्री सतीश चंद्र दुबे (वाल्मीकि नगर): महोदया, मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे इस अति महत्वपूर्ण विÂषय पर बोलने का अवसर दिया है। ...(व्यवधान)

महोदया, मैं पश्चिमी चम्पारण से बिलॉंग करता हूं, मेरा संसदीय क्षेत्र वाल्मीकि नगर है, जो गांधी जी की कर्मभूमि रही है।...(व्यवधान) मेरे संसदीय क्षेत्र में दो ब्लॉक ऐसे हैं, जिनकी कुछ पंचायतों की भौगोलिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते, वहां विद्युतीकरण नहीं हो सकता है, जैसे रामनगर विधान सभा के, रामनगर ब्लॉक के बनकटवा-करमहिया और नौरंगिया गांव, वाल्मीकि नगर विधान सभा के ठकराहां ब्लॉक के मोतीपुर, ठकराहां, कोइरीपट्टी, धुमनगर, हरपुर-श्रीनगर, भवानीपुर-जगराहां आदि ऐसे गांव हैं, जहां विद्युतीकरण नहीं हो सकता है।...(व्यवधान) ये गांव नदी से चारों तरफ से घिरे हुए हैं।...(व्यवधान) वहां सौर ऊर्जा प्लांट लगाकर विद्युतीकरण किया जाए, अन्यथा सौर ऊर्जा देने से भी काम चलने वाला नहीं है। ...(व्यवधान)

मैं आपके माध्यम से आग्रह करता हूं कि इस काम को पूरा कराया जाए। यह अति महत्वपूर्ण कार्य है।...(व्यवधान) धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को श्री सतीश चंद्र दुबे द्वारा उठाए गए विÂषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।

â€¦(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Shri Rabindra Kumar Jena – Not present.